64 71322

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. : 101-

SECONDARY SCHOOL EXAMINATION - 2023

माध्यमिक स्कूल परीक्षा - 2023

(ANNUAL / वार्षिक)

विषय कोड :
Subject Code : **101**

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code
B

HINDI (MT)

मातृभाषा हिन्दी

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
Total Questions : 100 + 6 = 106

कुल मुद्रित पृष्ठ : 36
Total Printed Pages : 36

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[Time : 3 Hours 15 Minutes]

(पूर्णांक : 100)
[Full Marks : 100]

परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :

1. **परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।**
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।
6. खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।
8. किसी प्रकार के इलक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।

BiharboardQuestionpaper.com

B

खण्ड - अ

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें ।

$50 \times 1 = 50$

1. 'पचास हाथी' – किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) संख्यावाचक विशेषण
(B) गुणवाचक विशेषण
(C) परिमाणबोधक विशेषण
(D) सार्वनामिक विशेषण

2. 'मोहन मुझसे किताब लिखाता है ।' – किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) यौगिक क्रिया
(B) प्रेरणार्थक क्रिया
(C) सकर्मक क्रिया
(D) अकर्मक क्रिया

3. 'सत्यवान एक वर्ष से अधिक जीवित नहीं रहेगा ।' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) भूतकाल
(B) भविष्यत्काल
(C) वर्तमानकाल
(D) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

4. ऐसे शब्द, जो यौगिक तो होते हैं, पर अर्थ के विचार से अपने सामान्य अर्थ को छोड़कर किसी परंपरा से विशेष अर्थ के परिचायक हैं, क्या कहलाते हैं ?

(A) यौगिक शब्द
(B) रूढ़ शब्द
(C) योगरूढ़ शब्द
(D) इनमें से कोई नहीं

5. 'अजान' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) अजा
(B) अज
(C) अज्
(D) अ

6. बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर का जन्म किस परिवार में हुआ था ?

(A) ब्राह्मण
(B) कायस्थ
(C) क्षत्रिय
(D) दलित

7. मैक्स मूलर का जन्म आधुनिक जर्मनी के किस नगर में हुआ था ?

(A) डेसाउ
(B) हेस्से
(C) बवेरिया
(D) थुरिंगिया

BiharboardQuestionpaper.com

8. भारत किसकी भूमि है ?

(A) पाश्चात्य संस्कृति की (B) ब्राह्मण या वैदिक धर्म की

(C) लैटिन संस्कृति की (D) सीरियाई संस्कृति की

9. वाराणसी के पास दारिस नामक सोने के सिक्कों से भरा घड़ा किसे मिला था ?

(A) राबर्ट क्लाइव को (B) लार्ड कार्नवालिस को

(C) वारेन हेस्टिंग्स को (D) सर जॉन शोर को

10. 'प्रत्न मानव' का अर्थ क्या है ?

(A) आधुनिक मानव (B) मध्यकालीन मानव

(C) धार्मिक मानव (D) प्राचीन मानव

11. गुरु नानक ने किस धर्म का प्रवर्त्तन किया ?

(A) मुस्लिम धर्म का (B) सिख धर्म का

(C) हिन्दू धर्म का (D) ईसाई धर्म का

BiharboardQuestionpaper.com

B

12. कवि घनानंद का वध किसके सैनिकों ने किया ?

(A) बाबर

(B) अकबर

(C) नादिरशाह

(D) हुमायूँ

13. सम्प्रदायमुक्त कृष्णभक्त कवि कौन थे ?

(A) गुरु नानक

(B) प्रेमघन

(C) घनानंद

(D) रसखान

14. 'मेरे बिना तुम प्रभु' शीर्षक कविता किसके द्वारा भाषांतरित की गयी ?

(A) धर्मवीर भारती

(B) अनामिका

(C) वीरेन डंगवाल

(D) कुँवर नारायण

15. तुर्की के महाकवि नाजिम हिकमत की कविताओं के अनुवाद किस कवि ने 'पहल पुस्तिका' के रूप में किया ?

(A) अज्ञेय

(B) वीरेन डंगवाल

(C) जीवनानंद दास

(D) रेनर मारिया रिल्के

BiharboardQuestionpaper.com

16. कवयित्री अनामिका के पिता का नाम क्या था ?

(A) ब्रजकिशोर (B) अवधकिशोर

(C) श्यामनंदन किशोर (D) नवलकिशोर

17. "पंक्ति से उतर जाता है उसका 'रव' " – किस कविता की पंक्ति है ?

(A) भारतमाता (B) स्वदेशी

(C) हमारी नींद (D) अक्षर-ज्ञान

18. किसके बिना प्राणी को मुक्ति नहीं मिलती ?

(A) गुरु ज्ञान के बिना (B) कीर्तन के बिना

(C) भजन के बिना (D) दान के बिना

19. घनानंद किस धारा के कवि हैं ?

(A) राष्ट्रीय काव्यधारा (B) रीतिमुक्त धारा

(C) सांस्कृतिक काव्यधारा (D) छायावादी काव्यधारा

20. कवि

(A)

(C

21. स

(.

22.

23

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

20. कवि बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1855 ई० (B) 1857 ई०

(C) 1858 ई० (D) 1859 ई०

21. स्वरों के उच्चारण में लगनेवाले समय के आधार पर स्वर वर्ण के कितने भेद होते हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

22. 'च' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) मूर्द्धा (B) दंत

(C) तालु (D) ओष्ठ

23. निम्नलिखित में अंतःस्थ व्यंजन कौन है ?

(A) क (B) स

(C) श (D) ल

BiharboardQuestionpaper.com

24. 'एकमात्रिक स्वर' निम्न में से कौन है ?

(A) ह्रस्व स्वर (B) दीर्घ स्वर

(C) प्लुत स्वर (D) इनमें से कोई नहीं

25. 'मुक्ताक्षर' की अंतिम ध्वनि क्या होती है ?

(A) व्यंजन (B) स्वर

(C) संयुक्त स्वर (D) क्रिया

26. 'यद्यपि' शब्द का संधि-विच्छेद क्या होगा ?

(A) यद्य + पि (B) य + द्यपि

(C) यदि + अपि (D) यद्य + अपि

27. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) भिष्म (B) बिधी

(C) प्रान (D) दधीचि

BiharboardQuestionpaper.com

28. निम्नलिखित चिह्नों में इकहरा उद्धरण चिह्न कौन है ?

(A) ' ' (B) !

(C) । (D) " "

29. 'त्र' क्या है ?

(A) स्पर्श व्यंजन (B) संयुक्त व्यंजन

(C) अंतःस्थ व्यंजन (D) उष्म व्यंजन

30. उस विकारी शब्द को क्या कहते हैं, जिससे किसी विशेष वस्तु, भाव और जीव के नाम का बोध हो ?

(A) सर्वनाम (B) क्रिया

(C) संज्ञा (D) क्रिया विशेषण

31. गांधीजी को 'महात्मा' की उपाधि किसने दी थी ?

(A) राजा राममोहन राय ने (B) विवेकानन्द ने

(C) रवींद्रनाथ टैगोर ने (D) ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने

BiharboardQuestionpaper.com

B

32. 'मैं चाहता हूँ कि सब देशों की संस्कृतियों की हवा मेरे घर के चारों ओर अधिक-से-अधिक स्वतंत्रता के साथ बहती रहे ।' – यह किसने कहा है ?

(A) जवाहरलाल नेहरू ने (B) सुभाषचन्द्र बोस ने

(C) वल्लभभाई पटेल ने (D) महात्मा गाँधी ने

33. 'श्रम विभाजन और जाति प्रथा' शीर्षक पाठ के लेखक का नाम क्या है ?

(A) भीमराव अंबेदकर (B) मैक्स मूलर

(C) अशोक वाजपेयी (D) विनोद कुमार शुक्ल

34. 'विष के दाँत' शीर्षक पाठ किस कहानी संग्रह से लिया गया है ?

(A) मित्र-मिलन (B) विष के दाँत तथा अन्य कहानियाँ

(C) कुहासा (D) मौत का नगर

35. 'बहादुर' शीर्षक पाठ के लेखक के बड़े लड़के का नाम क्या था ?

(A) सुमित (B) श्याम

(C) किशोर (D) नवीन

BiharboardQuestionpaper.com

36. निम्नलिखित में से कौन हिन्दी आलोचना के महत्त्वपूर्ण हस्ताक्षर थे ?

(A) भीमराव अंबेदकर
(B) बिरजू महाराज
(C) मैक्स मूलर
(D) रामविलास शर्मा

37. 'मेघदूत' का जर्मन पद्यानुवाद किसने किया ?

(A) मैक्स मूलर ने
(B) महात्मा गाँधी ने
(C) यतीन्द्र मिश्र ने
(D) अमरकांत ने

38. हजारी प्रसाद द्विवेदी का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) सन् 1908 में
(B) सन् 1907 में
(C) सन् 1906 में
(D) सन् 1911 में

39. नाखूनों का बढ़ना मनुष्य की किस वृत्ति का परिणाम है ?

(A) मानवीय वृत्ति का
(B) पाशविक वृत्ति का
(C) उदार वृत्ति का
(D) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

B

40. धारा नगरी का कौन शासक अपने विद्यानुराग के लिए इतिहास में प्रसिद्ध है ?

(A) शिलाहार शासक केशिदेव (B) राष्ट्रकूट शासक अमोघवर्ष

(C) परमार शासक भोज (D) प्रतीहार शासक महेंद्रपाल

41. मंगम्मा को किसके साथ विवाद था ?

(A) पोते के साथ (B) नंजम्मा के साथ

(C) मालकिन के साथ (D) पड़ोसी के साथ

42. सातकोड़ी होता किस भाषा के प्रमुख कथाकार हैं ?

(A) पंजाबी (B) अंग्रेजी

(C) उड़िया (D) हिन्दी

43. 'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी में, तूफान में किसका घर टूट गया था ?

(A) गुणनिधि का (B) सरपंच का

(C) तहसीलदार का (D) लक्ष्मी का

BiharboardQuestionpaper.com

B

44. किसे महसूस हुआ कि पृथ्वी और आकाश के बीच घुटन भरी हुई है ?

(A) सीता को (B) पुष्पा को

(C) नारायण को (D) भँवरी को

45. बिज्जू की पत्नी का नाम क्या था ? biharboardquestionpaper.com

(A) राधा (B) पुष्पा

(C) भँवरी (D) मीरा

46. 'नगर' शीर्षक पाठ में अमलराज को कितना नंबर कमरा दिखलाने के लिए कहा गया ?

(A) 49 नंबर (B) 50 नंबर

(C) 48 नंबर (D) 51 नंबर

47. पहले दिन पाप्पाति को क्या था ?

(A) खाँसी (B) शरीर में दर्द

(C) सिरदर्द (D) बुखार

BiharboardQuestionpaper.com

48. 'माँ' शीर्षक कहानी में किसने अपने बड़े पुत्र को घर आने के लिए पत्र लिखवाया ?

(A) माँ जी ने

(B) छोटे पुत्र ने

(C) कमु ने

(D) पड़ोसी ने

49. 'खून की सगाई' किनकी प्रसिद्ध कहानी है ?

(A) सातकोड़ी होता की

(B) ईश्वर पेटलीकर की

(C) सुजाता की

(D) साँवर दइया की

50. कटक शहर को बाढ़ की चपेट से बचाने के लिए किसने पत्थर का बाँध बँधवाया था ?

(A) राजा खारवेल ने

(B) राजा ओड ने

(C) महाराज ययाति केशरी ने

(D) राजा स्कन्दवर्मन ने

51. 'आज्ञा' शब्द कौन लिंग है ?

(A) पुंलिंग

(B) अप्राणिवाचक पुंलिंग

(C) उभयलिंग

(D) स्त्रीलिंग

BiharboardQuestionpaper.com

B

52. 'वाष्प' क्या है ?

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशज

53. 'श्रीमान्' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

(A) श्रीमानी (B) श्रीमती

(C) श्रीमानाइन (D) श्रीमानीन

54. 'लड़का' का बहुवचन क्या होगा ?

(A) लड़कान (B) लड़को

(C) लड़के (D) लड़कान

55. संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के अन्य शब्दों के साथ उनका संबंध सूचित हो, उसे क्या कहते हैं ?

(A) संज्ञा (B) लिंग

(C) सर्वनाम (D) कारक

BiharboardQuestionpaper.com

56. 'में, पर' – किस कारक की विभक्ति है ?

(A) अधिकरण कारक (B) कर्ता कारक

(C) कर्म कारक (D) संबंध कारक

57. 'हिमालय से गंगा निकलती है ।' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) सम्प्रदान कारक (B) अपादान कारक

(C) कर्ता कारक (D) कर्म कारक

58. हिंदी में कितने सर्वनाम हैं ?

(A) चौदह (B) बारह

(C) ग्यारह (D) तेरह

59. 'मेरा एक कुत्ता है, जो भोपाल से लाया गया है ।' – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) संबंधवाचक सर्वनाम (B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(C) पुरुषवाचक सर्वनाम (D) निश्चयवाचक सर्वनाम

BiharboardQuestionpaper.com

60. जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए, उसे क्या कहते हैं ?

(A) संज्ञा
(B) क्रिया
(C) कारक
(D) विशेषण

61. गुरु नानक की रचनाओं का संग्रह किसने किया ?

(A) गुरु गोविंद सिंह ने
(B) गुरु अर्जुनदेव ने
(C) गुरु तेगबहादुर ने
(D) गुरु अमरदास ने

62. "इन मुसलमान हरिजनन पै, कोटिन हिन्दू वारिये ।" – यह किस कवि का कथन है ?

(A) गुरु नानक
(B) प्रेमघन
(C) रसखान
(D) घनानंद

63. 'प्रेम अयनि श्री राधिका' शीर्षक कविता में कवि ने माली-मालिन किसे कहा है ?

(A) लक्ष्मी-गणेश को
(B) ब्रह्मा-सावित्री को
(C) सीता-राम को
(D) राधा-कृष्ण को

BiharboardQuestionpaper.com

B

64. 'स्वदेशी' शीर्षक कविता किससे संकलित है ?

(A) प्रेमघन सर्वस्व से
(B) जीर्ण जनपद से
(C) भारत सौभाग्य से
(D) प्रयाग रामगमन से

65. 'युगपथ' किस कवि की रचना है ?

(A) अनामिका
(B) सुमित्रानंदन पंत
(C) वीरेन डंगवाल
(D) जीवनानंद दास

66. ग्रामीण जीवन का यथार्थवादी चित्रण 'प्रेमघन' रचित किस काव्य में है ?

(A) प्रयाग रामगमन में
(B) भारत सौभाग्य में
(C) जीर्ण जनपद में
(D) इनमें से कोई नहीं

67. मीर मुंशी ने किस कवि का वध किया था ?

(A) रामधारी सिंह दिनकर का
(B) गुरु नानक का
(C) अज्ञेय का
(D) घनानंद का

BiharboardQuestionpaper.com

B

68. 'तीस कोटि सन्तान नग्न तन,' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) भारतमाता (B) स्वदेशी

(C) जनतंत्र का जन्म (D) हिरोशिमा

69. निम्न में से कौन कविता भारत में जनतंत्र के उदय का जयघोष है ?

(A) मेरे बिना तुम प्रभु (B) अक्षर ज्ञान

(C) लौटकर आऊँगा फिर (D) जनतंत्र का जन्म

70. 'एक बूँद सहसा उछली' किसकी रचना है ?

(A) अज्ञेय (B) गुरु नानक

(C) अनामिका (D) वीरेन डंगवाल

71. लेखक हजारी प्रसाद द्विवेदी ने दयनीय जीव किसे कहा है ?

(A) अल्पज्ञ पिता को (B) अल्पज्ञ माँ को

(C) अल्पज्ञ भाई को (D) अल्पज्ञ बहन को

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..
BiharboardQuestionpaper.com

72. किस शासक ने ऐसा सिक्का चलाया जिसपर नागरी लिपि में 'रामसीय' शब्द अंकित है ?

(A) बादशाह जहाँगीर ने
(B) बादशाह अकबर ने
(C) बादशाह औरंगजेब ने
(D) बादशाह बाबर ने

73. चन्द्रगुप्त (द्वितीय) विक्रमादित्य का व्यक्तिगत नाम क्या था ?

(A) बहादुर
(B) महादेवा
(C) देव
(D) ददन

74. कर्नाटक प्रदेश का श्रवणबेलगोल स्थान किसका प्रसिद्ध तीर्थस्थल है ?

(A) बौद्धों का
(B) शैव मुनियों का
(C) वैष्णवों का
(D) जैनों का

75. 'बहादुर' शीर्षक पाठ में किसकी कहानी है ?

(A) नेपाली गँवई गोरखे की
(B) चौकीदार की
(C) विद्यार्थी की
(D) स्वतंत्रता सेनानी की

BiharboardQuestionpaper.com

B

76. बहादुर से मार खाकर भैंस भागी-भागी किसके पास चली आई ?

(A) पड़ोसी के पास (B) बहादुर की माँ के पास

(C) लेखक के पास (D) चरवाहे के पास

77. 'बड़े भाई' किस लेखक की रचना है ?

(A) बिरजू महाराज (B) यतीन्द्र मिश्र

(C) रामविलास शर्मा (D) महात्मा गाँधी

78. दक्षिण भारत के मंगल 'नागस्वरम्' की तरह शहनाई, किसकी मंगलध्वनि का संपूरक है ?

(A) चैता की (B) पर्वगीत की

(C) श्रमगीत की (D) प्रभाती की

79. "मरते दम तक न शहनाई छूटेगी न काशी" – यह कथन किसका है ?

(A) बिस्मिल्ला खाँ का (B) बुद्धादित्य मुखर्जी का

(C) पंडित रामसहाय मिश्र का (D) मोहम्मद खान का

BiharboardQuestionpaper.com

80. 'नसीहत' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) लालसा
(B) शिक्षा
(C) शिष्ट तरीका
(D) आराम

81. 'गायक' शब्द में प्रत्यय क्या है ? biharboardquestionpaper.com

(A) क
(B) यक
(C) अक
(D) क्

82. 'तालु' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) तालुय
(B) तालीय
(C) तालुयी
(D) तालव्य.

83. संधि में किनका योग होता है ?

(A) दो वर्णों का
(B) दो पदों का
(C) दो स्वरों का
(D) दो शब्दों का

BiharboardQuestionpaper.com

B

84. जिसमें पूर्वपद की प्रधानता हो और समास पद् अव्यय हो जाए, उसे कौन समास कहते हैं ?

(A) तत्पुरुष समास
(B) अव्ययीभाव समास
(C) द्विगु समास
(D) द्वंद्व समास

85. 'रोगग्रस्त' कौन समास है ?

(A) द्वंद्व समास
(B) बहुव्रीहि समास
(C) तत्पुरुष समास
(D) कर्मधारय समास

86. 'वह बाजार की ओर आया होगा ।' – किस पदबंध का उदाहरण है ?

(A) संज्ञा-पदबंध
(B) विशेषण-पदबंध
(C) क्रियाविशेषण-पदबंध
(D) क्रिया-पदबंध

87. जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंगवाक्य हो, उसे क्या कहते हैं ?

(A) मिश्र वाक्य
(B) सरल वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य
(D) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

88. 'कछुए ने खरगोश को हरा दिया ।' – किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) संयुक्त वाक्य (B) सरल वाक्य

(C) मिश्र वाक्य (D) उपवाक्य

89. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) चूहा कपड़ा कुतरकर फाड़ दिया (B) रूपवती सुमन बहुत सुन्दर है

(C) मकड़ी जाला बुन रही है (D) राम और मोहन घोर मित्र हैं

90. 'गणेश' शब्द का पर्यायवाची क्या है ?

(A) ईहा (B) अर्चि

(C) बासव (D) एकदंत

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रेक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

91. 'अंतर्मुखी' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) बहिर्मुखी (B) बहिर्द्वंद्व

(C) बहिरंग (D) विकीर्ण

BiharboardQuestionpaper.com

B

92. 'जिसे ईश्वर में विश्वास है' – के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) नास्तिक (B) आस्तिक

(C) निर्गुण (D) जिज्ञासा

93. 'उगल देना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) चैन मिलना (B) संतोष होना

(C) गुप्त बात प्रकट करना (D) बहुत अलग रहना

94. 'आकाश' शब्द का पर्यायवाची क्या है ?

(A) अनल (B) निकेतन

(C) बेशर (D) गगन

95. 'आगामी' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) विगत (B) आगत

(C) सुगम (D) उत्तम

96. 'बिना पलक गिराए' – के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) आमरण (B) अपलक

(C) आजीवन (D) अपरिमित

BiharboardQuestionpaper.com

97. 'चिराग तले अंधेरा' लोकोक्ति का अर्थ क्या है ?

(A) डींग हाँकना (B) अपनी बुराई नहीं दीखती

(C) मूर्ख धनवान (D) दोहरा लाभ

98. 'त्रिपाद' कौन समास है ?

(A) कर्मधारय समास (B) बहुव्रीहि समास

(C) द्विगु समास (D) द्वंद्व समास

99. 'लोगों ने चोर को मारा ।' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संबंध कारक (B) अधिकरण कारक

(C) सम्प्रदान कारक (D) कर्म कारक

100. 'पयोधर' शब्द का संधि-विच्छेद क्या होगा ?

(A) पयः + धर (B) पयो + धर

(C) पयोध + र (D) पय + ओधर

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..
BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com